पत्रांक – मं०मं०–01 / मंत्रिपरिषद्–08 / 2026 ...559...

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक,

अरविन्द कुमार वर्मा,
विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक ...28.04..., 2026

विषय – बिहार कार्यपालिका नियमावली, 2026 के गठन के संबंध में।

महोदया / महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा बिहार कार्यपालिका नियमावली, 1979 (समय–समय पर यथा संशोधित) को अद्यतन कर बिहार कार्यपालिका नियमावली, 2026 का गठन किया जा रहा है। इस हेतु अनुरोध है कि कार्यपालिका नियमावली में वर्णित अपने विभाग एवं अधीनस्थ निदेशालय / आयोग / क्षेत्रीय कार्यालय आदि के कार्यों का अवलोकन / मूल्यांकन कर सूची में से अप्रचलित / अप्रयुक्त कार्यों को विलोपित करने तथा यदि कोई नया कार्य संपादित किया जा रहा हो, तो उसे सम्मिलित करते हुये प्रतिवेदन तैयार कर दिनांक–11.05.2026 तक मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–12.05.2026 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से मुख्य सचिवालय स्थित सभाकक्ष में एक बैठक आहूत है। अतः अनुरोध है कि विभाग के संयुक्त सचिव से अन्यून पदाधिकारी को उक्त प्रतिवेदन के साथ ससमय बैठक में भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

28/04/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
विशेष सचिव